चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

पत्रांक : कमेटी सैल/स्पेशल बैक पेपर/5274
दिनांक : 23.11.2022

प्रेस विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त राजकीय/अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत संचालित संस्थानों/महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय परिसर में सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत संचालित समस्त स्नातक/परास्नातक एवं स्ववित्तपोषी समस्त पाठ्यक्रमों में ऐसे विद्यार्थी जो अपने अन्तिम सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित हो चुके है **वे अगर किसी भी एक सम सेमेस्टर की बैक पेपर परीक्षा या पूर्ण परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने के कारण** उपाधि पूर्ण करने से वंचित है तो ऐसे विद्यार्थी अपने अनुत्तीर्ण सम सेमेस्टर की बैक पेपर परीक्षा या भूतपूर्व परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आगामी दिसम्बर, 2022 में होने वाली विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के साथ **स्पेशल सम सेमेस्टर परीक्षा (दिसम्बर, 2022)** के बैक पेपर परीक्षा/भूतपूर्व परीक्षा फार्म भर सकते है। जिसकी प्रक्रिया निम्न प्रकार होगीः–

फार्म भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ करने से पूर्व निर्देशों को ठीक से पढ़ेंः–

1. सर्वप्रथम विश्वविद्यालय वेबसाइट **www.ccsuniversity.ac.in** पर जाकर **Special Back Paper Exam. Professional/Traditional Courses Form** पर Click करें।
2. परीक्षा फार्म एवं परीक्षा शुल्क ऑन लाईन के माध्यम से ही भरी जायेगी। किसी भी स्थिति में ड्राफ्ट स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऑन लाईन शुल्क की प्रति परीक्षा फार्म के साथ संलग्न करना आवश्यक है।
3. परीक्षा फार्म में वाँछित सूचनायें इन्टरनेट पर ऑन लाईन (On Line) ही भरी जायेगी।
4. फार्म के साथ लगाये जाने वाले संलग्नकों में प्रत्येक संलग्नक के दाहिनी ओर शीर्ष पर अपना अनुक्रमांक छात्र को अवश्य अंकित करना चाहिए।
5. उपरोक्तानुसार पूर्ण रूप से भरे गये परीक्षा फार्म को परीक्षार्थी द्वारा सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान में जमा कराया जायेगा। महाविद्यालय/संस्थान का यह दायित्व होगा कि वह प्रत्येक प्राप्त परीक्षा फार्म की जाँच कर यह सुनिश्चित् करें कि फार्म के साथ वाँछित संलग्नक लगाये गये हैं अथवा नहीं ? क्योंकि जिस पाठ्यक्रम एवं भाग के लिए परीक्षा फार्म भरा गया है, उसकी न्यूनतम योग्यता सम्बन्धी प्रमाण–पत्र परीक्षा फार्म के साथ संलग्न होना आवश्यक है।
6. महाविद्यालय/संस्थान से प्राप्त हुए परीक्षा फार्मो में यदि उपरोक्त वर्णित निर्देशों के सम्बन्ध में कोई त्रुटि विश्वविद्यालय स्तर पर पायी जाती है और इस कारण से किसी छात्र का परीक्षा फार्म निरस्त होता है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित छात्र तथा महाविद्यालय/संस्थान के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक की होगी, विश्वविद्यालय इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

नोटः–परीक्षा समिति की बैठक निर्णयानुसार सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत संचालित सभी पाठ्यक्रमों में ऐसे विद्यार्थी, जो अपने पाठ्यक्रम के अन्तिम सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित हो चुके हैं और कालबाधित नही है, वे किसी कारणवश किसी एक सम सेमेस्टर की पूर्ण परीक्षा/बैक पेपर परीक्षा में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थिति होने के कारण उपाधि पूर्ण नही कर पा रहे है ऐसे विद्यार्थी आगामी होने वाली विषम सेमेस्टर दिसम्बर, 2022 की परीक्षाओं के साथ केवल एक सम सेमेस्टर का भूतपूर्व/बैक पेपर परीक्षा का फार्म भरकर दिसम्बर, 2022 की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के साथ होने वाली परीक्षा में सम्मिलित हो सकते है। यहाँ यह भी सूच्य है कि जिन विद्यार्थियों द्वारा दिसम्बर, 2022 की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं में सम्मिलित होने हेतु परीक्षा फार्म भरा गया है उनका सम सेमेस्टर का परीक्षा फार्म स्वीकार नही किया जायेगा।

2022.11.23 16:19

<u>उपरोक्त परीक्षाओं हेतु फार्म जमा कराने की तिथियां निम्नानुसार निर्धारित की जाती हैं:–</u>

1.	विश्वविद्यालय वेबसाईट पर परीक्षा फार्म ऑन लाईन उपलब्ध होने की प्रारम्भिक तिथि	**23.11.2022**
2.	अभ्यर्थियों द्वारा ऑन लाईन परीक्षा फार्म एवं ऑन लाईन परीक्षा शुल्क सहित परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि	**02.12.2022**
3.	भरे गये परीक्षा फार्म को सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान में जमा कराने की अन्तिम तिथि	**03.12.2022**
4.	महाविद्यालय/संस्थान द्वारा परीक्षा फार्म को विश्वविद्यालय में जमा कराने की अन्तिम तिथि	**05.12.2022**

कृपया यह सुनिश्चित कर लें कि अन्तिम तिथि के पश्चात किसी भी परीक्षार्थी का कोई भी फार्म किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जायेगा।

23.11.2022

for परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि:– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बन्धित पाठ्यक्रमों में प्रवेशित छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म उपरोक्तानुसार भरवाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
02. वैयक्तिक सहायक कुलपति को कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
03. आशुलिपिक वित्त नियन्त्रक को वित्त नियन्त्रक जी के सूचनार्थ।
04. सहा0 कुलसचिव कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)।
05. लेखाधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
06. प्रभारी, (सीक्रेसी), चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
07. प्रभारी, व्यावसायिक पाठ्यक्रम (रिजल्ट सैल), चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
08. प्रभारी (सामान्य/भण्डार)।
09. आशुलिपिक कुलसचिव।
10. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
11. प्रभारी, वेबसाइट/कम्प्यूटर केन्द्र।
12. विश्वविद्यालय सूचना पट।

23.11.2022

for परीक्षा नियंत्रक

2022.11.23 16:19